# राजकीय कला महाविद्यालय, चौमूं (जयपुर)

सत्र - 2021-22

## (1) कैरियर विकास उन्मुखीकरण एवं रोजगार प्रकोष्ठ

| दिनांक | विषय | मुख्य वक्ता |
|---|---|---|
| (i) 22.2.2022 | आर्ट्स ग्रेजुएशन पर व्याख्यान | डॉ० सुमन भाटिया प्राचार्य - [illegible] राज० महाविद्यालय जयपुर |
| (ii) 6.1.2022 | उद्यमिता पर व्याख्यान | डॉ० [illegible] पाण्डेय सहायक निदेशक, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, राजस्थान जयपुर |
| (iii) 15.3.2022 | कम्प्यूटर के क्षेत्र में रोजगार के अवसर | श्री [illegible] कम्प्यूटर अनुदेशक राजकीय कन्या महा० जयपुर |
| (iv) 13.4.2022 | कैरियर प्रशिक्षण जागरूकता कार्यशाला | ICTI अकेडमी के प्रशिक्षक निशांत शर्मा पूनम शर्मा |

[signature] 29.4.2022

नोडल अधिकारी

डॉ० [illegible]

सह-आचार्य, इतिहास

# कौशल प्रशिक्षण जागरूकता कार्यशाला का हुआ आयोजन

**जयपुर टाइम्स**

चौमूं(निसं.)। मोरीजा रोड स्थित स्थानीय राजकीय कन्या महाविद्यालय में कौशल विकास उद्यमिता एवं रोजगार प्रकोष्ठ के तत्वाधान में प्राचार्य डॉ. शंभू दयाल गुप्ता की अध्यक्षता में कौशल प्रशिक्षण जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए डॉ. शंभू दयाल गुप्ता ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को केवल सरकारी नौकरियों के पीछे भागने के बजाय अपना कौशल विकसित कर स्वयं का व्यवसाय करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कौशल विकास उद्यमिता एवं रोजगार क्लब के नोडल अधिकारी डॉ. तौफीक हुसैन ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को प्रशिक्षण द्वारा अपने कौशल को बढ़ाने के लिए प्रेरित किया एवं इन्होंने बताया कि लर्निंग के द्वारा ही अर्निंग की जा सकती है। इस अवसर पर आईसीआई अकैडमी के ट्रेनर श्रीमती निशा शर्मा एवं श्रीमती पूनम ने छात्राओं को एकेडमी द्वारा निशुल्क संचालित की जाने वाले प्रशिक्षण की विषय में बताया और छात्राओं को निशुल्क प्रशिक्षण के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ. कविता गौतम, डॉ. शाहीना परवीन, डॉ. नीलम शर्मा , डॉ. अभिलाषा जैमन, डॉ. अलका त्रिपाठी, डॉ. मीनाक्षी जैन एवं कंप्यूटर अनुदेशक शिव सैनी उपस्थित रहे।

# कम्प्यूटर पाठ्यक्रमों की दी जानकारी

चौमूं के कन्या महाविद्यालय में पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी देते वक्ता।

**चौमूं @ पत्रिका.** शहर के मोरीजा रोड स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. शंभूदयाल गुप्ता की अध्यक्षता में युवा कौशल उद्यमिता एवं रोजगार परामर्श केंद्र के तत्वावधान में कम्प्यूटर के क्षेत्र में रोजगार के अवसर विषय पर कार्यशाला कंप्यूटर के क्षेत्र में रोजगार के अवसर के विषय में बताया। उन्होंने विभिन्न कोर्सेज के विषय के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कम्प्यूटर क्षेत्र में रोजगार के अवसर घटे नहीं हैं, बल्कि बढ़े हैं। इस मौके पर क्लब के नोडल अधिकारी डॉ. तौफीक हुसैन, राजेश्वरी देवी

# युवा कौशल प्रकोष्ठ के तत्वावधान में ऑन लाईन शिक्षण पर हुआ व्याख्यान

श्याम पाराशर (हिंदुस्तान केसरी)

चौमू मोरीजा रोड़ स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में युवा कौशल एवं उद्यमिता प्रकोष्ठ के तत्वावधान में राजकीय महाविद्यालय ब्रह्मपुरी की प्राचार्य डॉ. सुमन भाटिया का ऑनलाईन शिक्षण की चुनौतियां एवं समाधान विषय पर व्याख्यान हुआ।

डॉ. भाटिया ने अपने उद्बोधन में ऑन लाईन शिक्षण से सम्बन्धित विभिन्न प्लेटफार्मो से छात्राओं को अवगत करवाते हुये कोरोना माहमारी के मध्यनजर ऑन लाइन शिक्षण की अनिवार्यता पर बल देते हुये इसका लाभ उठाने के लिए छात्राओं को प्रेरित किया। इन्होंने अध्यापन को इंटरएक्टिव बनाते हुये इसमें छात्राओं की भागीदारी को

आवश्यक बताया।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. एस.डी गुप्ता ने छात्राओं को महाविद्यालय में लाईब्रेरी के डिजिटलाईजेशन का लाभ उठाने और द्धहस्रख्क्र ह्थ्ध्ञ्ञ ऑनलाईन लाईब्रेरी का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करने हेतु प्रेरित किया।

डॉ. सुमन शर्मा ने इस प्रकार के कार्यक्रमों की महत्वता पर प्रकाश डला। युवा कौशल प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी डॉ. तौफीक हुसैन ने कार्यक्रम में लिए आगन्तुकों का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के संकाय सदस्य डॉ. कविता गौतम, डॉ. उषा परनामी, शाहीना परवीन, डॉ. हंसा लूनायच, डॉ. राजेश्वरी देवी राठौड, डॉ. नीलम शर्मा, शिव सैनी आदि मौजूद थे।--